... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 31 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 283 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










## भिवंडी में चार मंजिला इमारत ढही, 6 शव निकाले गए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में इमारत का हिस्सा ढहने से बड़ा हादसा हो गया है। नारपोली स्थित भंडारी कंपाउंड में एक चार मंजिला कोहिनूर इमारत का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। मलबे के नीचे कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। नगर निगम ने पहले ही इस इमारत को 'सी-कैटेगरी' (बेहद खतरनाक और जर्जर) घोषित कर दिया था, जिसके बाद इसे खाली करा लिया गया था। इमारत खाली होने के बावजूद इसके ग्राउंड फ्लोर पर कुछ मजदूर काम कर रहे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि मलबे में करीब 6 से 7 मजदूर दबे हो सकते हैं।

## सिपाही ने 10-साल की बच्ची से रेप कर हत्या की

**गोरखपुर।** गोरखपुर में 35 साल के सिपाही ने 10 साल की बच्ची से रेप करने के बाद हत्या की थी। गुरुवार शाम को आई बच्ची की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है। सिपाही ने जिला अस्पताल से ही बच्ची को किडनैप किया। फिर उसे बाइक से श्मशान घाट ले गया। वहां रेप करने के बाद बच्ची की गर्दन को पैर से दबाकर तोड़ दिया। इसके बाद शव नदी में फेंक दिया था। इससे पहले आरोपी सिपाही को जिला अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दोपहर करीब ढाई बजे पुलिस सिपाही को मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल ले गई। उसे देखते ही अस्पताल के कर्मचारी भड़क गए और हमला कर दिया। पुलिसवालों ने बड़ी मुश्किल से सिपाही को छुड़ाया।

## दिल्ली में महिला की कैंची घोंपकर हत्या, पति फरार

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी थानाक्षेत्र की गगन विहार सोसायटी में घर के अंदर गले मे कैंची घोंपकर एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। महिला की हत्या के बाद से पति बैग लेकर स्कूटी से फरार हो गया। फरार होते वक्त घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह कैद हो गया। आशंका है पति ने ही हत्या की है। आरोप है कि पति का किसी महिला से अवैध संबंध था, इसको लेकर दंपती के बीच विवाद रहता था। मृतक की पहचान कोमल के रूप में हुई है। जगतपुरी थाना ने हत्या का केस दर्ज किया है। फरार पति कमल की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। दोनों बच्चे पिछले पांच वर्षों से अपने पिता से बात नहीं करते थे।

## ईरान पर हमले रोकने का बिल एक वोट से गिरी

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे। ईरान जंग को लेकर विपक्षी सांसद मांग कर रहे हैं कि ऐसे किसी भी सैन्य अभियान पर अंतिम फैसला संसद ही ले। ताजा घटनाक्रम के बाद इसे सीनेट में लाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी। सैन्य कार्रवाई रोकने का विधेयक फिलहाल अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के पास है।

## 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, हरिद्वार में गंगा उफनाई

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में मानसून के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हैं। इसके चलते अगले 2 दिन प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा राजस्थान, बिहार समेत 7 राज्यों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, यूपी में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। आज प्रदेश के 24 जिलों में बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। वहीं, गुजरात में भी आज सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे।

# संसद के बाहर विपक्ष का नाटक

### साधु के वेष धारण कर पहुंचे पप्पू यादव, राहुल, खरगे और प्रियंका ने भी की भागीदारी




● अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर किया गया अनोखा प्रदर्शन

● गृहमंत्री की गैरहाजिरी को लेकर उठाए सवाल, विरोध में नारेबाजी

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन यानी शुक्रवार को अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर सपा-कांग्रेस ने संसद परिसर में अनोखा प्रदर्शन किया। बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव साधु बनकर संसद पहुंचे। माथे पर चंदन लगाए और हाथ में दानपेटी लेकर जमीन पर बैठ गए। जैसे ही सपा सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और अवधेश प्रसाद दानपेटी में चढ़ावा डालने की कोशिश करते, पप्पू यादव तुरंत उसे छीनकर अपनी जेब में रख लेते। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी दानपेटी में रुपये डाले। थोड़ी देर बाद पप्पू यादव पेटी लेकर भागने लगे। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने साधु के कपड़े पहनकर शुक्रवार को संसद परिसर में अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी को दिखाने वाला प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके साथ विपक्ष के कई अन्य सांसद भी मौजूद थे। राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी, छात्रों पर लाठीचार्ज और सदन से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की गैर-मौजूदगी को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने हाथ में पोस्टर लेकर शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिस पर लिखा था- 'अमित शाह संसद से गायब क्यों हैं?' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। यह प्रदर्शन अयोध्या राम मंदिर चंदे में कथित चोरी और 20 जुलाई को छात्रों के संसद मार्च के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में किया गया। इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सदन की कार्यवाही में अमित शाह की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए। सांसदों ने संसद के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नारे लगाए- 'अमित शाह इस्तीफा दो', 'अमित शाह सदन में आओ' और 'चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़'। सांसदों ने संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों के सामने दान पेटियां रखीं। निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव साधु के भेष में इन पेटियों के साथ बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान एक नाटक के जरिये संदेश देने की कोशिश की गई। इसमें राहुल गांधी समेत अन्य सांसदों ने पेटियों में पैसे डाले। वहीं, पप्पू यादव ने पैसे अपनी जेब में रखे और इसे राम मंदिर चढ़ावे में कथित चोरी के आरोपों के प्रतीक के तौर पर दिखाया। प्रदर्शन में प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद और धर्मेंद्र यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी समेत कई अन्य नेता शामिल हुए। सभी सांसद एक बड़े बैनर के पीछे खड़े थे, जिस पर लिखा था- अमित शाह सदन से गायब क्यों? इंडिया ब्लॉक ने कहा है कि वह सरकार को कथित चढ़ावा चोरी के आरोपों और नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर 'कठोर कार्रवाई' के मुद्दे पर घेरता रहेगा।

## भरत तिवारी एनकाउंटर में पहली गोली चलाने वाला STF जवान गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर के बिलौटी में चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए गोली चलाने के आरोपी एसटीएफ जवान अक्षय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार देर रात तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल सर्विलांस की मदद से उसे गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से जांच में सहयोग नहीं कर रहा था और लगातार गैरहाजिर चल रहा था। यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब कुछ दिन पहले ही भरत भूषण तिवारी के स्वजन ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर न्याय की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने परिवार को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया था। यह गिरफ्तारी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जंतर-मंतर पर मेरे पिता की हत्या की कोशिश की गयी

● घायल पुलिसकर्मियों के परिवार का प्रेसवार्ता में छलका दर्द

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर किए विरोध-प्रदर्शन के बीच अचानक पथराव हो गया। पथराव में दिल्ली पुलिस के एसीपी समेत कई पुलिकर्मी घायल हो गए थे। वहीं, घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों ने आज शुक्रवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रेस वार्ता की। वहीं, प्रेस वार्ता के दौरान घायल एसीपी की पत्नी और अन्य घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के प्रदर्शन में कुछ गुंडे थे, जिन्होंने पुलिसकर्मियों पर पत्थरों से हमला किया। उधर, एक सब-इंस्पेक्टर की बेटी ने भी अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता की जंतर-मंतर पर मंच के पास पीट-पीटकर हत्या की कोशिश की गई।

## भाजपा से शहजाद पूनावाला का इस्तीफा!

● अपने एक्स बायो से 'नेशनल स्पोक्सपर्सन, बीजेपी' का पद हटा दिया



**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, जानकारी मिली है कि उन्होंने पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। शहजाद पूनावाला ने कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर किए गए पोस्ट में अपने प्रोफाइल का अपडेटेड बायो शेयर किया है। उनके नए बायो में कहीं भी बीजेपी का जिक्र नहीं है। शहजाद पूनावाला, बीजेपी के सबसे चर्चित चेहरों और प्राइम-टाइम प्रवक्ताओं में से एक के तौर पर पहचाने जाते थे। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने अपने एक्स बायो से 'नेशनल स्पोक्सपर्सन, बीजेपी' का पद हटा दिया है, जिससे उनके राजनीति छोड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। इसके साथ ही, पूनावाला ने पुराने इंटरव्यू के क्लिप भी रीपोस्ट किए हैं, जिनमें वे एक्टिव पॉलिटिक्स छोड़ने पर विचार करने की बात कर रहे हैं। हालांकि, नेता ने साफ तौर पर यह नहीं कहा है कि उन्होंने बीजेपी और सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है या नहीं।

## पाकिस्तान की कोयला खदान में धमाका, 32 की मौत, 10 फंसे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 32 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य मजदूर अब भी जमीन के नीचे फंसे हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक उनकी स्थिति बेहद गंभीर मानी जा रही है और राहत-बचाव अभियान लगातार जारी है।

## हल्की बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरुआत, सेंसेक्स 49 अंक चढ़ा



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 49.91 अंक चढ़कर 77,970.95 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 28 अंक की बढ़त के साथ 24,343.65 अंक पर कारोबार कर रहा था। विदेशी निवेश बढ़ने और दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया मजबूत हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे चढ़कर 95.30 के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, डॉलर के मजबूत होने से रुपये की बढ़त सीमित रही। विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.40 के स्तर पर खुला। बाद में इसमें मजबूती आई और यह 95.30 के स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले कारोबारी बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की बढ़त है। रुपया लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ है।




## मोदी के एडिटेड वीडियो मामले में मेटा इंडिया प्रमुख पर FIR

● कई सोशल मीडिया यूजर्स भी आए ज़द में



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फर्जी और एआई-जनरेटेड वीडियो वायरल होने के मामले में हैदराबाद पुलिस ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। हैदराबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास और कई सोशल मीडिया यूजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह पूरी कार्रवाई दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए एक छात्र आंदोलन के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से फैलाए गए एआई-मॉर्फ्ड यानी तकनीक के जरिए बदले गए वीडियो के संदर्भ में की गई है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी खबरें और भ्रामक सामग्री फैलाना अब महंगा पड़ सकता है। जांच अधिकारियों के मुताबिक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रमुख प्लेटफॉर्म्स पर पीएम मोदी से जुड़े फर्जी वीडियो इस तरह तैयार और शेयर किए जा रहे थे।

### मोदी को गाली देने वाली लड़की पर भी एफआईआर

**नोएडा।** जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रदर्शन में पीएम मोदी को गाली देने वाली नोएडा की लड़की के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज हो गई है। यह कार्रवाई नोएडा के एक्सप्रेसवे थाने में गाजियाबाद की वकील स्मृति सिंह चंदेल की शिकायत पर हुई। लड़की की पहचान रुचिका सिंह के रूप में हुई है।

## मोरक्को की सीमा तोड़कर स्पेन में घुसे हजारों प्रवासी नौ की मौत, मचा हड़कंप

**स्यूटा।** मोरक्को से हजारों प्रवासी गुरुवार को स्पेन के छोटे से स्वायत्त क्षेत्र स्यूटा में पहुंच गए। सीमा पार करते समय मची अफरा-तफरी में नौ लोगों की मौत भी हो गई। इसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने स्पेन सरकार से राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने और सीमा पर स्थिति संभालने के लिए सेना भेजने की मांग की। स्पेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा और देश की सीमा की रक्षा सुनिश्चित करेगा। हालांकि, सरकार प्रवास से जुड़ी चिंताओं को लेकर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित नहीं कर सकती।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 31 जुलाई, शुक्रवार, 2026 (3)



## सावन के पहले दिन विदिशा ने किया महादेव का पूजन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की विदिशा शाखा द्वारा पवित्र श्रावण मास के प्रथम दिन सभी सदस्याओं के लिए धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सदस्याएँ सारनाथ स्थित प्रसिद्ध सारंगनाथ महादेव मंदिर पहुँचीं, जहाँ उन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भगवान महादेव का दर्शन एवं पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के पश्चात शाखा की उपाध्यक्षा शोभा सिंघी के आवास पर सभी सदस्याओं के लिए मनोरंजक गेम्स एवं हाउजी का आयोजन किया गया। सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक खेलों में भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया।

## बाजार के लिए निकली दो नाबालिग बहनें वापस नहीं लौटीं

**वाराणसी।** वाराणसी के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र से दो नाबालिग बहनें लापता हो गई हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार शाम अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों बहनों की तलाश में जुटी हुई है। परिजनों ने बताया कि दोनों बहनें 28 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे घर से बाजार जाने के लिए निकली थीं। एक बच्ची मानसिक रूप से बीमार है देर शाम तक उनके वापस न लौटने पर परिवार ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों ने आसपास के गांवों, बाजारों और रिश्तेदारों के यहां भी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार, बच्चियों से सीधे संपर्क नहीं हो पा रहा था। हालांकि, रिश्तेदारों से उनकी बातचीत होने की जानकारी मिली थी। बातचीत के दौरान उन्होंने केवल इतना कहा कि उन्हें आकर ले जाया जाए, लेकिन वे अपने स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाईं।

# पप्पू यादव के प्रदर्शन पर संत समाज नाराज

## तीखी प्रतिक्रिया के साथ सदस्यता समाप्त करने की उठायी मांग



### ● लोकसभा अध्यक्ष से की कठोर कार्रवाई की सिफारिश

**वाराणसी।** संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन शुक्रवार को अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने संसद परिसर में अनोखा और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव साधु के वेश में संसद पहुंचे। उनके इस प्रदर्शन को लेकर अब संत समाज की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने इसे साधु-संतों और भगवा वस्त्र का अपमान बताते हुए लोकसभा अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने इस प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को सरकार या भाजपा का विरोध करने का अधिकार है, लेकिन साधु-संतों के वेश का उपयोग कर पूरे संत समाज पर कथित रूप से चोरी का आरोप लगाने जैसा संदेश देना अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार का प्रदर्शन संत परंपरा और भगवा वस्त्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में बिना शर्त सार्वजनिक क्षमा नहीं मांगी जाती है तो लोकसभा अध्यक्ष को इस पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा मामले की जांच संबंधित एजेंसियां कर रही हैं और जो भी कानूनी निर्णय होगा, संत समाज उसे स्वीकार करेगा। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी दोहराई। विपक्षी दलों द्वारा राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ियों के मुद्दे को उठाने के लिए संसद परिसर में ादर्शन किया गया। इस दौरान पप्पू यादव ने माथे पर चंदन लगाया, भगवा वस्त्र धारण किए और हाथ में दानपेटी लेकर संसद के मकर द्वार के पास जमीन पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान सपा सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और अवधेश दानपेटी में सांकेतिक रूप से चढ़ावा डालते नजर आए। प्रदर्शन के हिस्से के रूप में पप्पू यादव उन पैसों को अपनी जेब में रखते हुए दिखाई दिए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी दानपेटी में प्रतीकात्मक रूप से रुपए डाले। इसके बाद पप्पू यादव दानपेटी लेकर भागने का अभिनय करने लगे, जबकि अन्य सांसदों ने उन्हें रोकने और पकड़ने की सांकेतिक कार्रवाई की। इस दौरान सांसदों ने मजाकिया अंदाज में उनकी 'पिटाई' करने का भी अभिनय किया।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध चलाया हस्ताक्षर अभियान




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** 'स्वच्छ काशी, प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त काशी' अभियान को धरातल पर उतारने के अभियान के तहत निगम की टीम ने मैदागिन से गोदौलिया तक मुख्य मार्ग की 372 दुकानों पर स्टीकर चस्पा किए हैं, जिनके माध्यम से दुकानदारों व ग्राहकों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई है। इस क्रम में नगर निगम की आईईसी टीम ने क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। दशाश्वमेध घाट पर नगर निगम द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जहां स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने प्लास्टिक मुक्त काशी का संकल्प लिया।

# मौसम बदलाव से बढ़े वायरल मरीज

### ● मंडलीय अस्पताल से लेकर सीएचसी और पीएचसी में रोज लग रही लंबी कतार



**वाराणसी।** वाराणसी में मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिख रहा है। इन दिनों वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम और चर्म रोग के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। गंगापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगा-पुर के प्रभारी डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 40 से 50 मरीज अस्पताल आ रहे हैं। इनमें से अधिकांश वायरल फीवर, सर्दी, खांसी, जुकाम और त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव, उमस, बारिश के बाद जलभराव और साफ-सफाई में कमी के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। डॉ. कुमार ने लोगों से बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने दूषित भोजन और अस्वच्छ पानी से बचने, पर्याप्त स्वच्छ पानी पीने और पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। साथ ही, बुखार, खांसी या अन्य स्वास्थ्य समस्या होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेने को कहा। डॉ. सतीश कुमार ने यह भी बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं और मरीजों का उचित उपचार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने और बीमारी के लक्षण दिखने पर समय रहते स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराने की भी सलाह दी।

## हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए : प्रो. गीता रानी शर्मा



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** 'महर्षि वेदव्यास का लेखन और जीवन हमें इस बात की सीख देता है कि हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' यह कहना था प्रो. गीता रानी शर्मा का। उन्होंने भारतीय शिक्षण मंडल, काशी प्रांत और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, सेवापुरी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित 'महर्षि वेदव्यास पूजनोत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए आगे कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा कुछ-न-कुछ नया सिखते रहना चाहिए। इस अवसर पर नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर नृत्य कलाकार अमित श्रीवास्तव ने 'रामचरितमानस' के सीताहरण के पश्चात् रामचंद्र के वियोग और तत्पश्चात् अयोध्या लौटने तक के दृश्यों का मनोहर काव्य-मंचन प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता प्रो. हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का धैर्य, साहस, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही उसे सफल मनुष्य बनाता है। आयोजन में संस्था के ध्येय श्लोक एवं ध्येय वाक्य का पाठ डॉ. स्वर्णिमा घोष ने और कल्याण मंत्र का पाठ प्रो. रचना शर्मा ने किया। संचालन डॉ. प्रिया मिश्र, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधा तिवारी और संयोजन डॉ. सुष्मिता ने किया। इस आयोजन में

## हाथी सीएचसी की एक्स-रे मशीन बंद

**वाराणसी।** सेवापुरी के सीएचसी हाथी में लगी एक्स-रे मशीन पिछले लगभग पांच महीनों से खराब है। मशीन की मोटर जल जाने के कारण यह बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को जांच कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## परमंदापुर में सीवर आया सड़क पर



**वाराणसी।** परमंदापुर के सरौनी गेट के पास सीवर का गंदा पानी सड़क पर फैल गया है। इससे स्थानीय निवासियों और स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह रास्ता स्थानीय लोगों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। अमरनाथ पटेल के घर के पास से निर्मित सीवर का पानी पूरे रास्ते पर जमा हो गया है। सीवर के ठीक बगल में स्थित पप्पू गुप्ता के मकान के पास भी यह गंदा पानी पहुंच रहा है। सीवर के गंदे पानी से इतनी तेज बदबू आती है कि लोगों को अपने मुंह पर रुमाल रखकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों को बीमारी फैलने का भी डर सता रहा है। स्थानीय निवासियों अनिल पटेल, पप्पू पटेल, भीम यादव और प्रकाश पटेल सहित कई लोगों ने इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान राजेश पटेल से कई बार शिकायत की है।

# सपा सांसद ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

### ● थियोसोफिकल सोसायटी की संपत्तियों की जांच और किसानों को बेहतर मुआवजे की मांग



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान चंदौली से समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर दो महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने संबंधित दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए दोनों मामलों में उच्चस्तरीय जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। सांसद ने प्रधानमंत्री को दिए गए ज्ञापन में वाराणसी के कमच्छा स्थित द इंडियन सेक्शन ऑफ द थियोसोफिकल सोसायटी की संपत्तियों का मुद्दा उठाया। इसके अलावा सांसद ने चंदौली सहित उत्तर प्रदेश में भूमि अधिग्रहण के बदले किसानों को मिलने वाले मुआवजे का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। सांसद ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि दोनों मामलों में संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों को उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए जाएं, ताकि संस्थागत संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और किसानों को न्यायसंगत मुआवजा मिल सके।

## कांवड़ मार्ग पर खुली मीट की दुकानों से निगम ने वसूला 24500 जुर्माना



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सावन माह के पहले दिन गुरुवार को शहरी सीमा के अंतर्गत कांवड़ मार्गों पर अवैध रूप से संचालित मांस, मछली एवं मुर्गा विक्रेताओं के खिलाफ नगर निगम की टीम ने व्यापक अभियान चलाया। प्रतिबंध के बावजूद खुली पाई गई तीन दुकानों को मौके पर ही बंद कराया गया, साथ ही नियम तोड़ने वालों से 24500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

# परियोजनाएं दिस. से पहले पूरा करें

### ● पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री ने दिए निर्देश



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में वाराणसी मंडल में निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति तथा पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के सृजन हेतु प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई। यहाँ पर पीपीटी के माध्यम से सभी कार्यों का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी मुख्य बिंदुओं पर गहनता से विमर्श किया गया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को दिसंबर माह से पहले हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्माण में मानक और गुणवत्ता के साथ संबद्धता का भी ध्यान रखें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं से कहा कि जिस भी विधानसभा में पर्यटन विकास संबंधित कार्य किए जा रहे हों,उस संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को अवश्य अवगत कराएं। इस बैठक में महापौर अशोक तिवारी, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, विधायक अवधेश सिंह, नीलकंठ तिवारी, सुनील पटेल, त्रिभुवन राम, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, अदिति पटेल सहित जिलाधिकारी, वीडीए, सीडीओ काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ तथा कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता मौजूद रहे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'
समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा
स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com



# सुल्तानपुर समाचार

## जिला जज ने एसओ अखंडनगर को लगाई फटकार

**सुल्तानपुर।** आजाद वर्मा हत्याकांड में आरोपी अनुराग पांडेय की जमानत अर्जी बृहस्पतिवार को जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी। अदालत ने अखंडनगर के थाना प्रभारी धीरेंद्र वर्मा को विवेचना में खामियों के लिए फटकार लगाई। अदालत ने जांच की कमियां शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने धीरेंद्र वर्मा से मृत्युपूर्व बयान के वायरल वीडियो को जांच का हिस्सा न बनाने पर सवाल किए। वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। शासकीय अधिवक्ता ने विवेचना की कमियां पूरी करने के लिए समय मांगा, जिस पर अदालत ने उन्हें चेतावनी दी। बचाव पक्ष ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए जमानत अर्जी पर जोर नहीं दिया। यह मामला 28 जून को हुई आजाद वर्मा की हत्या से जुड़ा है। वादी बादल वर्मा ने अशोक पांडेय, राज नारायण पांडेय, अनुराग पांडेय, रूपम पांडेय, सत्यम पांडेय और सूरज पांडेय पर रंजिश में हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर जांच अखंडनगर थाना प्रभारी धीरेंद्र वर्मा को सौंपी गई थी। धीरेंद्र वर्मा ने जांच में नए तथ्य सामने लाए और दो अन्य आरोपी अभिषेक वर्मा पुत्र विजय बहादुर वर्मा व अभिषेक वर्मा पुत्र रामजनक वर्मा को लखनऊ से हिरासत में लिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार अभिषेक वर्मा (विजय बहादुर वर्मा के पुत्र) ने कहासुनी के दौरान गोली चलाई थी। अभियोजन पक्ष के निजी अधिवक्ता ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने के लिए जानबूझकर जांच में लापरवाही का आरोप लगाया। जिला जज ने विवेचक को निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के अनुरूप रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

# मऊ समाचार

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के तरवांडीह गांव निवासी सुमन प्रकाश (38) का शव बृहस्पतिवार शाम कमरे में पंखे के हुक से फंदे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सुमन प्रकाश मजदूरी करते थे। परिजनों के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे नाश्ता करने के बाद वह अपने कमरे में आराम करने चले गए थे। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजन परेशान हो गए। देर शाम करीब 7:30 बजे खिड़की से देखने पर वह पंखे के हुक से लटके मिले। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनके दो बच्चे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक भगवान राम ने बताया कि फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर जांच की गई है।

# मीरजापुर समाचार

## ट्यूबवेल की पानी की टंकी में मिला ढाबा कर्मचारी का शव

**लालगंज।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत कटघर लालगंज स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर के पास बृहस्पतिवार की शाम को ट्यूबवेल की पानी की टंकी में अछीछी गांव निवासी मुन्ना (35) का शव मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मसीरपुर निवासी मनोज सिंह के ट्यूबवेल की पानी की टंकी में बगल से गुजर रहे एक राहगीर को शव दिखाई दिया। उसने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी।
ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मुन्ना एक ढाबे पर काम करते थे। वे चार भाईयों में सबसे बड़े थे। प्रथम दृष्टया मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

### भुतहिया पुलिया के पास खाई में गिरा ट्रेलर, चालक की मौत

**रेणुकूट/राजगढ़।** वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर हाथीनाला थानाक्षेत्र के भुतहिया पुलिया के पास मंगलवार की रात राखड़ लदा ट्रेलर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में ट्रेलर ग्राम सभा रामपुर बरहो रमसगरा बस्ती निवासी ट्रक चालक प्रमोद कुमार (24) की मौत हो गई। खलासी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। केबिन में फंसे चालक को बचाने के लिए पुलिस करीब चार घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाती रही, मगर सफलता नहीं मिली। राखड़ लेकर ट्रेलर रॉबर्ट्सगंज की तरफ जा रहा था। रात करीब 11 बजे खाड़पाथर से आगे बढ़ने पर भुतहिया पुलिया के पास अचानक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे खाई में चली गई।

# बलिया समाचार

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के बिसुनपुरा गांव में बृहस्पतिवार को 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने बिजली निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जर्जर और नीचे झूल रहे हाईटेंशन तार की शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन निगम ने कार्रवाई नहीं की। मृतक की पहचान आदर्श तिवारी (17) पुत्र रामनिवास तिवारी उर्फ अजीत तिवारी, निवासी बिसुनपुरा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार आदर्श खेत से बांस काटकर घर ला रहे थे। इसी दौरान बांस ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। करेंट बांस में उतर आया और उसकी चपेट में आने से आदर्श मौके पर ही गिर पड़े। हादसा इतना भीषण था कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# भदोही समाचार

## परमहंस आश्रम में 5000 संतों को दी गई विदाई



**भदोही।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन पर बृहस्पतिवार को सक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम से देश के विभिन्न राज्यों से आए पांच हजार संत-महात्माओं को विदाई दी गई।
एक सप्ताह तक आश्रम में प्रवास करने वाले संतों को अंगवस्त्र, यथार्थ गीता भेंट किया गया। इस अवसर परभंडारा चलाया गया। विदाई समारोह के दौरान स्वामी अड़गड़ानंद महराज ने भक्तों को सेवा, सत्य, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान नारद महाराज, आशीष बाबा, स्वामी श्रद्धा बाबा, लाले महाराज मौजूद रहे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अड़गड़ानंद आश्रम पहुंचकर मड़ैया बाबा एवं नारद महाराज का आशीर्वाद लिया।
मड़िहान भाजपा विधायक ने संतों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मौके पर इंस पटेल, सूर्यबली, अमित कुमार, मायाशंकर, अशोक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देवरिया समाचार

## घायल बुजुर्ग की मौत

**देसही देवरिया।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए गोठा रसूलपुर गांव के रामाश्रय यादव (62) की बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान गोरखपुर में मौत हो गई। महुआडीह थाना क्षेत्र के गोठा रसूलपुर गांव के रामाश्रय यादव 22 जुलाई को स्थानीय चौराहे पर साइकिल से गए थे। शाम सात बजे के करीब घर लौट रहे थे। अमारी झांगा चौराहा के पास वाहन ने टक्कर मार दी थी। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से रेफर किए जाने के बाद गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बृहस्पतिवार की दोपहर में उनकी मौत हो गई।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**भाटपार रानी।** रेलवे स्टेशन के पश्चिम बेलपार रेलवे क्रॉसिंग के पास बृहस्पतिवार को ट्रेन से गिरकर 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। उसके सिर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। बेहोशी की हालत में आसपास के लोगों ने उसे पीएचसी भाटपार रानी पहुंचाया।

# गोरखपुर समाचार

## सिपाही ने बच्ची को अस्पताल से अगवा कर की दरिंदगी, फिर मार डाला, 39 सेकेंड के CCTV से चौंकाने वाला खुलासा



**गोरखपुर।** यूपी पुलिस के सिपाही अभिषेक यादव ने गोरखपुर में जिला अस्पताल से पुलिस की वर्दी पहनकर 10 वर्षीय बच्ची का अपहरण की दुष्कर्म कर हत्या कर दी। गुरुवार तड़के चिवटहा पुल से नीचे से मासूम बच्ची का शव बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी सिपाही अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लिया।
वह घटना से इनकार कर रहा, लेकिन सीसीटीवी फुटेज मिले सबूतों के बाद शव बरामद किया गया है। एसएसपी ने आरोपी सिपाही को बर्खास्त करने की रिपोर्ट भेज दी है। आरोपी पर एनएसए भी लगाया जाएगा।
आजमगढ़ के कप्तानगंज थाना इलाके के गोपालगंज निवासी बच्ची के पिता ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह पिछले चार वर्षों से परिवार के साथ गोरखपुर में रहकर ई-रिक्शा चलाते हैं। 27 जुलाई को उनकी बड़ी बेटी की तबीयत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे उनकी 10 वर्षीय बेटी अस्पताल में खाना लेकर पहुंची थी। बहन को खाना खिलाने के बाद वह रात करीब नौ बजे घर के लिए निकली, लेकिन घर नहीं पहुंची। परिजनों ने अस्पताल परिसर और आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद कोतवाली थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया। जांच के दौरान अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में पुलिस की वर्दी पहने एक युवक बच्ची को बाइक से ले जाता दिखाई दिया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान सिपाही अभिषेक यादव के रूप में की। गुरुवार तड़के बच्ची का शव बरामद होने के बाद मामले में हत्या की धाराएं भी बढ़ा दी गईं। पुलिस ने आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ कर हत्या के कारण और वारदात की पूरी परिस्थितियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। एसएसपी डॉ कौस्तुभ ने बताया कि बच्ची को दुर्भावना से अगवा किया गया। आरोपी सिपाही गाजीपुर निवासी अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसपर एनएसए भी लगाया जाएगा। बर्खास्त करने की रिपोर्ट भेजी गई है। गोरखपुर जिला अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद 39 सेकेंड का फुटेज 10 वर्षीय बच्ची के लापता होने की जांच में अहम सुराग बना। फुटेज में वर्दी पहने एक सिपाही बाइक से बच्ची के पास पहुंचता दिखाई दे रहा है।

# जौनपुर समाचार

## रात को सोने गया, सुबह फंदे से लटकता मिला किशोर का शव

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के खरैयामऊ गांव में एक किशोर का शव पंखे के सहारे फंदे से लटकता मिला। पिता जितेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उनका पुत्र अमन सिंह (17) बुधवार की रात अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह कमरे का दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं खुला। अनहोनी की आशंका में दरवाजा तोड़कर कमरे में गए तो अमन फंदे पर लटक रहा था। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। किसी ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। अमन जमुहर बाजार स्थित एक निजी विद्यालय में बारहवीं का छात्र था। लोगों की मानें तो किशोर के आत्मघाती कदम के पीछे घरेलू कलह है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया प्रथम दृष्टया किशोर ने फंदे से लटक कर आत्महत्या की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

# गाजीपुर समाचार

## दंगाई मिट्टी में दफन, माफिया के पैरोकारों की अब खैर नहीं : सीएम



**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को 692 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मंच से विपक्ष, माफिया और स्थानीय राजनीति पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगाई मिट्टी में दफन हो चुका है, माफिया की पैरोकारी करने वालों की अब खैर नहीं है। उत्तर प्रदेश में अब दंगाइयों और माफिया का दौर समाप्त हो चुका है। गरीब का बेटा आज निर्भय होकर रामलीला का आयोजन करता है। यदि कोई असलहा लहराकर दंगा करने की कोशिश करेगा तो उसे मिट्टी में ही दफन होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने अपरोक्ष रूप से स्थानीय सांसद पर भी निशाना साधा। कहा कि जनता को ऐसे जनप्रतिनिधि चुनने चाहिए जो उनकी पैरोकारी करें। ऐसे सांसद नहीं चाहिए जो अवैध असलहा लाइसेंस बनाने में व्यस्त हों। ऐसे लोगों को जनता के हितों की नहीं, अपराधियों की चिंता रहती है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने राष्ट्रनायकों के बजाय विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव को सम्मान देने के बजाय सालार मसूद गाजी के नाम पर मेले लगाए गए। उनकी सरकार ने इस परंपरा को बदलते हुए राष्ट्रनायकों को सम्मान दिलाया और उनकी स्मृति में स्मारक, मेडिकल कॉलेज तथा अन्य विकास कार्य कराए।

# चंदौली समाचार

## नईकोट नहर में 12 साल का बालक डूबा

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र की लौदा चौकी के पास स्थित नईकोट नहर में बृहस्पतिवार को नहाने उतरा 12 साल का बालक डूब गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से तलाश शुरू कर दी है।
सदर चंदौली के वार्ड नंबर-8 डोम बस्ती निवासी सकल डोम का बेटा सावन कुमार, नियामताबाद क्षेत्र के जंसो मड़ई (नईकोट) में अस्थायी रूप से परिवार के साथ रह रहा था। बृहस्पतिवार को वह अपने दोस्त शिवा के साथ नईकोट नहर पुलिया पर गया था। शिवा कपड़े धोने लगा, जबकि सावन नहर में नहाने के लिए उतर गया। इसी बीच वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। शिवा ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव और ज्यादा गहराई होने के कारण वह सफल नहीं हो सका।

# सोनभद्र समाचार

## नाराज होकर पत्नी गई मायके, अगली सुबह फंदे से लटकता मिला पति का शव

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के अधवार में नाराज होकर पत्नी के मायके चले जाने के अगले ही दिन गोपाल चौहान (65) का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। घटना की जानकारी तब हुई जब बृहस्पतिवार की सुबह धान रोपाई के लिए मजदूर उसे बुलाने के लिए पहुंचे। देर तक आवाज देने पर भी कोई उत्तर नहीं मिला तो खिड़की से झांकने पर अंदर फंदे पर शव लटकता दिखा।
पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि अधवार निवासी गोपाल की पहली पत्नी का निधन हो चुका है। दो बेटियां हैं, जिनकी भी शादी हो चुकी है। कोई बेटा नहीं था। उन्होंने दूसरी शादी कर रखी थी। ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार की शाम गोपाल और उनकी दूसरी पत्नी के बीच मायके जाने के मसले पर जमकर कहासुनी हुई। उन्होंने उसे काफी रोकने का प्रयास किया लेकिन वह चली गई। उसके बाद से वह घर में अकेले थे। बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे दूसरे मजदूर धान रोपाई के लिए बुलाने पहुंचे तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। पहले देर तक आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर खिड़की से कमरे में झांका तो तो पता चला कि पंखे के हुक में लगे गमछे के फंदे से उनका शव लटक रहा है। तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।
रॉबर्ट्सगंज कोतवाली प्रभारी राम स्वरूप वर्मा के मुताबिक जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिवारीजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पीएम रिपोर्ट में जो स्थिति सामने आएगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अफसर नहीं, डॉक्टर बने सीएमओ, निरीक्षण छोड़ पहुंचे ऑपरेशन थिएटर और बचा ली दो जानें

**सोनभद्र/चोपन।** स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के लिए पहुंचे सीएमओ डॉ. रमेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को मानवता की मिसाल पेश की। चोपन सीएचसी पहुंचने पर पता चला कि एक प्रसूता की हालत गंभीर है और तत्काल ऑपरेशन के लिए एनेस्थेटिक की जरूरत है। वह तुरंत अफसर से डॉक्टर बन गए। ऑपरेशन एप्रन पहना और खुद एनेस्थेसिया देते हुए जच्चा-बच्चा दोनों की जान बचा ली। 24 घंटे तक दोनों को सघन निगरानी में रखने के बाद छोड़ दिया गया। फिलहाल दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. मिश्रा बुधवार को सीएचसी-पीएचसी के निरीक्षण के लिए निकले थे। दोपहर में वह चोपन पहुंचे तो पता चला कि मल्हिया टोला निवासी संदीप साहनी अपनी पत्नी आरती (22) को लेकर सीएचसी पहुंचे थे। प्रसूता की हालत गंभीर है।

# आजमगढ़ समाचार

## गोला हाजीपुर में 24 घंटे में 10 बीघा कृषि भूमि नदी में समाई



**लाटघाट।** सगड़ी तहसील के उत्तरी क्षेत्र में सरयू (घाघरा) नदी के जलस्तर में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण कटान ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। नदी की तेज धारा के चलते देवारा खास राजा, चक्की, सहबदिया और बरामदपुर गांव के सामने बड़े पैमाने पर कृषि भूमि नदी में समाहित हो रही है। पिछले 24 घंटे में करीब 10 बीघा से ज्यादा उपजाऊ जमीन नदी में समा गई, इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। कटान रोकने के लिए बाढ़ खंड विभाग की ओर से किए जा रहे प्रयास भी फिलहाल कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं। सबसे अधिक कटान गोला हाजीपुर पुल के ठीक पूरब में हो रही है। यहां राजेश, सुभाष यादव सहित आधा दर्जन किसानों की लगभग 10 बीघा कृषि भूमि सरयू की धारा में समाहित हो चुकी है। वहीं, सहबदिया गांव के सामने गया सिंह पटेल के खेत के पास भी कटान लगातार जारी है। बरामदपुर गांव के सामने संतलाल, जयद्रथ, लाल बहादुर, जय बहादुर, मुनीम, सुखानू, योगेंद्र और चंद्रिका ने कहा कि कई किसानों के खेत नदी के कटाव की चपेट में हैं। लगातार हो रही कटान के कारण किसानों को अपनी बची हुई जमीन के भी नदी में समा जाने का डर सता रहा है। कटान पर नियंत्रण पाने के लिए बाढ़ खंड विभाग की ओर से परक्यूपाइन, बंबू क्रेट और गैब्रियन जैसी कटानरोधी व्यवस्थाएं कराई गई हैं।

# प्रयागराज समाचार

## कोडीन कफ सिरप केस में जज को प्रभावित करने की कोशिश




**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कोडीन कफ सिरप मामले से जुड़ी 74 जमानत याचिकाओं पर सुनवाई कर रही एकल पीठ के न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने खुद को इससे अलग कर लिया है। सुनवाई के दौरान उन्होंने बेहद कड़ी टिप्पणी की है।
कहा कि लंबित मामले को प्रभावित करने या न्यायाधीश तक पहुंच बनाने का कोई भी प्रयास न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने इसे न्यायालय के इतिहास का काला दिन करार दिया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित मामलों की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने सभी मामलों को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष नई पीठ के गठन के लिए भेजने का आदेश दिया। यह आदेश उन्होंने भोला प्रसाद की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान दिया है।
कोर्ट ने आदेश में कहा कि न्याय व्यवस्था की पूरी नींव इस विश्वास पर टिकी है कि न्याय निष्पक्ष, निर्भीक और किसी भी बाहरी प्रभाव से मुक्त होकर दिया जाता है। यदि कोई पक्षकार या उससे जुड़ा व्यक्ति न्यायाधीश तक पहुंचने या निजी तौर पर संपर्क स्थापित करने का प्रयास करता है तो यह न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता और कानून के शासन पर सीधा प्रहार है। अदालत ने कहा कि मामले की अंतिम सुनवाई पूरी हो चुकी थी। आदेश पारित किया जाना था। इसी दौरान संबंधित पक्षों की ओर से पीठासीन न्यायाधीश तक पहुंचने के प्रयास किए गए। ऐसे आचरण को नजरअंदाज किया गया तो इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर लोगों का विश्वास कमजोर होगा। यह संदेश जाएगा कि न्यायिक आदेशों को प्रभावित किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे हालात में भले ही फैसला पूरी तरह कानूनी और तथ्यों पर आधारित होता, फिर भी उसके बारे में यह संदेह पैदा होता कि निर्णय बाहरी प्रभाव का परिणाम है।
कोर्ट ने कहा कि किसी लंबित मामले में न्यायाधीश से न्यायालय के बाहर संपर्क स्थापित करने का प्रयास न्यायिक मर्यादा, अधिवक्ता आचार संहिता और सांविधानिक मूल्यों के विपरीत है। ऐसे व्यवहार को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने आदेश दिया कि सभी जमानत याचिकाएं और उससे संबद्ध अन्य मामलों को किसी अन्य पीठ के समक्ष 7 अगस्त 2026 को सूचीबद्ध किया जाए।




# लाइफ मंत्र

## सावधान! आज से शुरू हो रहा है 'चोर पंचक', भूलकर भी न करें ये 5 काम, वरना हो सकती है भारी धन हानि

सनातन धर्म में पंचक काल को बहुत ही संवेदनशील और सावधानी बरतने वाली अवधि माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, 31 जुलाई 2026 से पंचक की शुरुआत हो रही है। इसलिए ज्योतिषीय गणना के अनुसार इसे 'चोर पंचक' कहा जा रहा है।
अगले पांच दिनों तक चलने वाली यह अवधि बेहद सतर्क रहने की मांग करती है, क्योंकि इस दौरान किए गए कुछ कार्य आपके लिए भारी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकते हैं।

**कब से कब तक रहेगा चोर पंचक?**

वैदिक पंचांग के अनुसार, पंचक की शुरुआत आज सुबह 06 बजकर 38 मिनट पर हो चुकी है। यह अशुभ काल 04 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा। ज्योतिष के अनुसार, जब चंद्रमा धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद और रेवती नक्षत्रों में गोचर करता है, तब पंचक लगता है।

**चोर पंचक में रहें सतर्क**

चोर पंचक के दौरान अपने घर, दुकान और कीमती सामान की सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सतर्क रहें।
किसी भी बड़े आर्थिक फैसले को 4 अगस्त के बाद तक टालना ही समझदारी होगी।

# Nature का बेजोड़ नमूनाः Meghalaya की Mawsmai Cave में देखें लाखों साल पुरानी अद्भुत Limestone संरचनाएं



मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। ऊँचे-ऊँचे पहाड़, हरे-भरे जंगल, झरने और रहस्यमयी गुफाएँ यहाँ आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। इन्हीं प्राकृतिक चमत्कारों में से एक है Mawsmai Cave। यह गुफा मेघालय के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चेरापूंजी के पास स्थित है और अपनी अद्भुत चूना-पत्थर संरचनाओं तथा रोमांचकारी वातावरण के लिए जानी जाती है।

**पर्यटकों के घूमने-फ़िरने की जगहें**

मावस्माई गुफा चेरापूंजी से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह गुफा प्राकृतिक रूप से बनी हुई है और लाखों वर्षों में पानी तथा चूना-पत्थर की क्रिया से इसका निर्माण हुआ है। गुफा के भीतर प्रवेश करते ही ऐसा प्रतीत होता है मानो किसी रहस्यमयी दुनिया में आ गए हों। अंदर की ठंडी हवा, अंधकार और चट्टानों की विचित्र आकृतियाँ पर्यटकों को रोमांच से भर देती हैं। इस गुफा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट संरचनाएँ हैं। छत से लटकती और जमीन से ऊपर उठती ये चट्टानी आकृतियाँ प्रकृति की अद्भुत कला का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। गुफा के भीतर कई स्थान इतने संकरे हैं कि पर्यटकों को झुककर या सावधानी से निकलना पड़ता है। यही रोमांच इस स्थल को युवाओं और साहसिक यात्रा पसंद करने वालों के लिए बेहद आकर्षक बनाता है। गुफा के अंदर प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे पर्यटक सुरक्षित रूप से इसकी सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। बरसात के मौसम में यहाँ का वातावरण और भी मनोहारी हो जाता है। चेरापूंजी विश्व के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में गिना जाता है, इसलिए यहाँ की हरियाली और प्राकृतिक दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

> **गुफा के अंदर प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे पर्यटक सुरक्षित रूप से इसकी सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। बरसात के मौसम में यहाँ का वातावरण और भी मनोहारी हो जाता है। चेरापूंजी विश्व के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में गिना जाता है, इसलिए यहाँ की हरियाली और प्राकृतिक दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।**

मावस्माई गुफा के आसपास भी कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल स्थित हैं। इनमें सबसे प्रमुख है Nohkalikai Falls, जो भारत के सबसे ऊँचे जलप्रपातों में से एक है। ऊँचाई से गिरता जल और उसके आसपास फैली हरियाली अत्यंत मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त एनह Sisters Falls भी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। वर्षा ऋतु में यह झरना सात धाराओं में बहता दिखाई देता है, जिससे इसका दृश्य अत्यंत आकर्षक बन जाता है। यदि पर्यटक प्राकृतिक रोमांच का और अधिक अनुभव करना चाहें तो Double Decker Living Root Bridge अवश्य देख सकते हैं। यह पुल पेड़ों की जड़ों से बना हुआ है और स्थानीय जनजातियों की अद्भुत पारंपरिक तकनीक का उदाहरण है। इसके अलावा Eco Park Cherrapunji भी घूमने के लिए एक सुंदर स्थान है, जहाँ से बांग्लादेश के मैदानी क्षेत्रों का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है। मावस्माई गुफा तक पहुँचने के लिए सबसे निकटतम हवाई अड्डा शिलांग में स्थित है। शिलांग से सड़क मार्ग द्वारा चेरापूंजी आसानी से पहुँचा जा सकता है। सड़क यात्रा के दौरान पहाड़ी रास्तों और बादलों से घिरे दृश्य यात्रा को और भी यादगार बना देते हैं। यहाँ घूमने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से अप्रैल के बीच माना जाता है, क्योंकि इस समय मौसम सुहावना रहता है। हालांकि, बरसात के मौसम में भी यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है। पर्यटकों को गुफा के भीतर जाते समय आरामदायक जूते पहनने चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि कुछ स्थान फिसलन भरे हो सकते हैं।

मावस्माई गुफा केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि प्रकृति की अद्भुत कला और रहस्यमयी सौंदर्य का जीवंत उदाहरण है। यहाँ की शांत वादियाँ, रोमांचकारी गुफाएँ और आसपास के झरने हर यात्री को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। जो भी व्यक्ति प्रकृति, रोमांच और शांति का आनंद लेना चाहता है, उसके लिए मावस्माई गुफा एक आदर्श पर्यटन स्थल है।

## दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाली जगह Cherrapunji क्यों है Nature Lovers की पहली पसंद?



चेरापूंजी समुद्र तल से लगभग 1,300 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ का मौसम वर्षभर सुहावना रहता है। मानसून के समय यह क्षेत्र बादलों और बारिश से पूरी तरह घिर जाता है, जिससे इसकी सुंदरता और बढ़ जाती है। यहाँ की हरियाली और स्वच्छ वातावरण पर्यटकों को मानसिक शांति का अनुभव कराते हैं। उत्तर–पूर्वी राज्य मेघालय में स्थित चेरापूंजी प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। स्थानीय भाषा में इसे 'सोहरा' भी कहा जाता है। यह स्थान दुनिया में अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में गिना जाता है। हरे-भरे पहाड़, बादलों से ढकी घाटियाँ, विशाल झरने, गुफाएँ और जीवित जड़ों से बने पुल चेरापूंजी को एक अद्भुत पर्यटन स्थल बनाते हैं। प्रकृति प्रेमियों, साहसिक यात्रियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह स्थान किसी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी समुद्र तल से लगभग 1,300 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ का मौसम वर्षभर सुहावना रहता है। मानसून के समय यह क्षेत्र बादलों और बारिश से पूरी तरह घिर जाता है, जिससे इसकी सुंदरता और बढ़ जाती है। यहाँ की हरियाली और स्वच्छ वातावरण पर्यटकों को मानसिक शांति का अनुभव कराते हैं। चेरापूंजी का सबसे प्रसिद्ध आकर्षण Nohkalikai Falls है। यह भारत के सबसे ऊँचे जलप्रपातों में से एक माना जाता है। लगभग 1,100 फीट की ऊँचाई से गिरता यह झरना अत्यंत मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। वर्षा ऋतु में इसका सौंदर्य और भी अद्भुत हो जाता है। झरने के नीचे बना नीले रंग का जलकुंड पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करता है। इसके अलावा एनह Sisters Falls भी यहाँ का प्रमुख आकर्षण है। सात धाराओं में गिरता यह जलप्रपात दूर से देखने पर अत्यंत सुंदर प्रतीत होता है। मानसून के दौरान इसकी भव्यता चरम पर होती है। यहाँ से आसपास की पहाड़ियों और घाटियों का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। चेरापूंजी की एक और अनोखी पहचान हैं यहाँ के 'लिविंग रूट ब्रिज' अर्थात जीवित जड़ों से बने पुल। Double Decker Living Root Bridge पर्यटकों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है। यह पुल रबर के पेड़ों की जड़ों को वर्षों तक मोड़कर और जोड़कर बनाया गया है। यह स्थानीय जनजातियों की अद्भुत पारंपरिक तकनीक और प्रकृति के साथ उनके सामंजस्य का प्रतीक है। इस पुल तक पहुँचने के लिए ट्रैकिंग करनी पड़ती है, जो रोमांच प्रेमियों के लिए यादगार अनुभव बन जाती है। गुफाओं के शौकीनों के लिए Mawsmai Cave एक शानदार स्थान है। यह प्राकृतिक चूना-पत्थर की गुफा अपनी संकरी सुरंगों, अनोखी आकृतियों और रहस्यमयी वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। गुफा के भीतर का दृश्य रोमांच और कौतूहल से भर देता है। चेरापूंजी के आसपास भी अनेक दर्शनीय स्थल मौजूद हैं। यहाँ से लगभग 50 किलोमीटर दूर Shillong स्थित है, जिसे 'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है। शिलांग अपनी खूबसूरत झीलों, पहाड़ियों और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। Umiam Lake यहाँ का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहाँ नौकायन और प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त Dawki River भी पर्यटकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। इस नदी का पानी इतना स्वच्छ है कि नाव पानी के ऊपर तैरती हुई प्रतीत होती है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

## मानसून सीजन में बना लें तमिलनाडु के इन 5 हिल स्टेशंस का प्लान, हमेशा कि लिए यादगार बन जाएगी ट्रिप



> **तमिलनाडु में ऐसे कई फेमस हिल स्टेशंस हैं, जो बेहद खूबसूरत हैं। ऐसे में अगर आप भी तमिलनाडु घूमने का प्लान कर रहे है, तो आपको यहां के कुछ फेमस हिल स्टेशंस को एक्सप्लोर करना चाहिए।**

तमिलनाडु का नाम सुनकर अक्सर लोगों के मन में एक ऐसे राज्य की तस्वीर उभर आती है। जो अपने गर्म मौसम के लिए जाना जाता है। लेकिन प्रकृति ने इस राज्य को कई खूबसूरत हिल स्टेशंस से नवाजा है। जो आपको सुकून और शांति का एहसास कराते हैं। ऐसे में अगर आप भी तमिलनाडु घूमने का प्लान कर रहे है, तो आपको यहां के कुछ फेमस हिल स्टेशंस को एक्सप्लोर करना चाहिए।

**ऊटी**

तमिलनाडु में मानसून के दौरान घूमने के लिए 'क्वीन ऑफ हिल्स' के नाम से फेमस ऊटी जा सकते हैं। नीलगिरि पहाड़ियों पर बसा यह हिल स्टेशन पहाड़ों, चाय के बागानों और खूबसूरत झीलों के लिए जाना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक नीलगिरि माउंटेन रेलवे की सवारी का भी मजा ले सकते हैं। इसके अलावा आप ऊटी झील में नाव की सवारी का लुत्फ उठा सकते हैं।

**कोडाइकनाल**

मानसून में आप कोडाइकनाल के घने जंगलों, खूबसूरत झरनों और बादलों से ढकी घाटियों को देख सकते हैं। इन शानदार नजारों को देखकर आपको जन्नत में आने का एहसास होगा।

बारिश के बाद बॉयट पार्क, कोकर वॉक, पिलर रॉक्स और सिल्वर कैस्केड फॉल्स जैसी जगहों को देख सकते हैं। वहीं यहां के सुहावने मौसम में आप साइकिलिंग, नेचर वॉक और फेमस कोडाई झील के किनारे सुकून भरे पल बिता सकते हैं।

**यरकौड**

शेवरॉय पहाड़ियों में बसा यरकौड एक शांत और बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह कॉफी बागानों और संतरे के बागों के लिए जाना जाता है। मॉनसून के दौरान किलीयूर फॉल्स, यरकौड झील और लेडीज सीट व्यू पॉइंट की खूबसूरती देखने लायक होती है।

**कुन्नूर**

कुन्नूर धुंध भरी पहाड़ियों, चाय के बागानों और पूरे साल रहने वाले सुहावने मौसम के लिए फेमस है। मॉनसून के दौरान डॉल्फिंस नोजस, सिम्स पार्क और कैथरीन फॉल्स जैसी जगहे बेहद खूबसूरत लगती हैं। यहां पर आकर आप टॉय ट्रेन की सवारी का लुत्फ ले सकते हैं। इसके अलावा चाय बनाने का प्रोसेस जानने के लिए आप चाय की फैक्ट्रियां घूम सकते हैं।

**कोटागिरी**

यह नीलगिरि के सबसे पुराने हिल स्टेशनों में से एक है। कोटागिरी अपने शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। मॉनसून में यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं। कैथरीन फॉल्स झरने की खूबसूरती देखने वाली होती है। नेचर लवर्स यहां पर चाय के बागानों, ट्रेकिंग ट्रेल्स और शानदार व्यू पॉइंट देख सकते हैं। यह जगह भीड़भाड़ से कम दूर ठंडे मौसम और ताजी हवा के लिए परफेक्ट है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

